**सर्वोच्च प्राथमिकता/अति आवश्यक**

द्वारा फैक्स/ई-मेल

# पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, उत्तर प्रदेश

पुलिस मुख्यालय(सिग्नेचर बिल्डिगं), प्रथम/द्वितीय तल,(टावर-1),शहीद पथ,गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ 226002

पत्रसंख्या-प्रनि-प-28-2023/2928 दिनांकः सितम्बर 16,2025

सेवा में,

1. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त पुलिस आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त कार्यालयाध्यक्ष, अजनपदीय शाखा पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश।

विषय:-मिशन कर्मयोगी भारत अभियान के अन्तर्गत समस्त कार्मिकों का iGOT पोर्टल पर पंजीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में।

---

महोदय,

कृपया पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के समांक पत्र दिनांक 19.06.2025 के कम इस निदेशालय के समांक अनुस्मारक पत्र दिनांक 29.07.2025 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जो समस्त कार्मिकों का उक्त iGOT पोर्टल पर पंजीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में है।

2- इस संबंध में अवगत कराना है कि माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार द्वारा मिशन कर्मयोगी के तहत प्रत्येक विभाग के प्रत्येक स्तर के कार्मिक को उससे सम्बन्धित विभाग में उसे प्रदत्त कर्तव्यों के प्रति भली-भाँति योग्य बनाये जाने एवं विभागीय कार्मिकों को जन सामान्य के प्रति उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षित करने हेतु कर्मयोगी पोर्टल https//igotkarmayogi.got.in/ एवं कर्मयोगी मोबाइल एप विकसित किये गये हैं। इस पोर्टल पर समस्त विभागों के कार्मिकों के लिए उत्तम प्रशिक्षण सामग्री छोट-छोटे कोर्स के रूप में उपलब्ध है, जिन्हें कार्मिकों द्वारा स्वतः ऑनलाइन उनके अतिरिक्त समय में कभी भी करने की सुविधा है। इस पोर्टल पर पंजीकरण एवं प्रशिक्षण सुविधा बिना किसी शुल्क के उपलब्ध है। पोर्टल पर उपलब्ध प्रशिक्षण सामग्री का उपयोग कर कर्मी अपने कार्य दक्षता में वृद्धि कर सकता है। इस प्रकार उनके कार्य क्षमता में वृद्धि होने एवं गुणवत्ता पूर्ण होने से विभाग के लिए सहयोगी एवं लाभकारी सिद्ध होगा।

3- उल्लेखनीय है कि उ0प्र0 शासन द्वारा समस्त कार्मिकों का उक्त पोर्टल पर पंजीकरण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

4- अतः अनुरोध है कि उ0प्र0 शासन की मंशानुसार अपने अधीनस्थ नियुक्त जिन राजपत्रित अधिकारियों/अराजपत्रित कार्मियों (राजपत्रित अधिकारी से चतुर्थ श्रेणी कर्मी तक) का उक्त पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाना शेष है, उनका iGOT पोर्टल पर **24 घण्टे के अन्दर** प्रत्येक दशा में पंजीकरण आपके जनपद/इकाई से नामित एम0डी0ओ0 के माध्यम से कराने कष्ट का करें यदि कोई समस्या आती है तो पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ में नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री अर्पित कटियार मोबाइल नं0-8840035730 को अवगत करायें तथा समस्त कार्मिकों का पंजीकरण पूर्ण होने की सूचना अतिशीघ्र इस निदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

iGOT पोर्टल पर कार्मिक की निम्नवत् अंकित सूचनाओं को अंकित करने पर पंजीकरण किया जा सकता है।

| Full Name (Mandatory) | Email ID (Mandatory) | Mobile No (Mandatory) | Group(A/B/C/D) (Mandatory) | Designation (Mandatory) |
|---|---|---|---|---|

16/09/25

(राजीव सभरवाल)
पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण
उ0प्र0 लखनऊ।

प्रतिलिपिः-पुलिस महानिरीक्षक, कार्मिक/पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के जी0एस0ओ0 को सूचनार्थ प्रेषित।